भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2302
(15.03.2023 को उत्तर के लिए)
स्वच्छता अभियान

2302. श्री बी. मणिक्कम टैगोर:

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता अभियान के पहले चरण के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में अपने विभाग के कार्यालयों में लगभग 11.5 लाख वर्ग फुट के कार्यक्षेत्र को स्वच्छ कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह भी सच है कि सरकार पुन: प्राप्त कार्यक्षेत्र को अन्य विभागों को किराए पर देने की योजना बना रही है जिससे निजी भवनों को किराए पर देने संबंधी खर्च की जाने वाली पर्याप्त राशि की बचत होगी; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

राज्य मंत्री, कार्मिक,लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय एवं राज्य मंत्री,प्रधानमंत्री का कार्यालय
(डॉ.जितेन्द्र सिंह)

(क) से (घ): सरकार ने केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों और उनके संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों में लंबित मामलों को कम करने और स्वच्छता को संस्थागत करने के लिए 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2021 तक पहला विशेष अभियान आयोजित किया था। अभियान में केंद्र सरकार के 6154 से अधिक कार्यालयों ने भाग लिया था। महीने भर चले इस अभियान के दौरान इन 6154 कार्यालयों में लगभग 12.01 लाख वर्ग फुट कार्यक्षेत्र खाली हुआ और कचरे के निपटान से 62.54 करोड़ रु. का राजस्व प्राप्त हुआ। पुन: प्राप्त कार्यक्षेत्र का उपयोग इन कार्यालयों द्वारा कोर्टयार्ड, कैफेटेरिया, पुस्तकालय, सम्मेलन कक्ष, वेलनेस सेंटर और पार्किंग के स्थान इत्यादि जैसे विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया गया।

******